Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding the death of three girl children in Delhi due to starvation.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिणी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, आपने बहुत सेंस्टिव इश्यु पर बोलने का मौका दिया है। दिल्ली में तीन बच्चियों की मौत भूख के कारण हुई है और इसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में भी हुई है। दिल्ली के डिप्टी चीफ मिनिस्टर की वह कांस्टीट्यूएंसी है। फूड सिक्योरिटी बिल, 2015 के तहत छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, झारखंड में यदि आदिवासी क्षेत्रों में भोजन पहुंचाया जा सकता है, तो देश की राजधानी दिल्ली के अंदर भोजन क्यों नहीं पहुंचाया जा सकता है? दिल्ली की सरकार केवल दोषारोपण करने के लिए बैठी है और गरीबों को मरवा रही है। इलेक्ट्रोनिक प्वाइंट आफ सेल डिवाइस के माध्यम से करीब चार लाख राशन कार्ड दिल्ली में मिले थे, जिनके राशन लेने पर करीब 15 सौ करोड़ रुपयों के घोटाले का आरोप दिल्ली सरकार पर लगा था। दिल्ली में राशन की 2500 दुकानें हैं। इन दुकानों तक केंद्र सरकार द्वारा भेजा गया राशन नहीं पहुंच पाता है और 19 लाख लोगों को सरकार कहती है कि डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से भोजन पहुंचाएंगे। ये केवल केंद्र सरकार पर दोषारोपरण करते हैं और एक परिवार की तीन बच्चियां दो साल, चार साल और छह साल, जिनकी उम्र थी, उनकी भूख के कारण देश की राजधानी में मौत हो जाए, ऐसी संवेदनहीन सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

महोदया, …* ने चारा ढोया था, यह सीएजी की रिपोर्ट में है। 1500 करोड़ रुपये का घोटाला सीएजी की रिपोर्ट में आया है। …(व्यवधान)

12 58 hrs

At this stage, Shri Jai Prakash Narayan Yadav came and stood on the floor near the Table

अध्यक्ष महोदया, फूड एंड सिविल सप्लाई का जो राशन था, वह स्कूटरों के नम्बर पर … * ने ढोया। ऐसी संवेदनहीन सरकार को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सभी अपने को बिधूड़ी जी द्वारा उठाए विषय से संबद्ध कर सकते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, श्री अजय मिश्रा टेनी और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ... * का विषय रिकार्ड में नहीं जाएगा।

…(व्यवधान)

At this stage Shri Jai Prakash Narayan Yadav went back to his seat.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): महोदया, कल हमें यह समाचार मिला। एक तरफ हम 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' की बात करते हैं। हमें पता चला कि एक आठ साल की बच्ची, एक पांच साल की बच्ची और एक दो साल की बच्ची भूख के कारण मर गई। मेडिकल रिपोर्ट में यह आया कि इनके पेट में एक दाना भी नहीं मिला।

माननीय अध्यक्ष : आप एक वाक्य में अपने को इस विषय से संबद्ध कीजिए।

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा : महोदया, मैं सिर्फ एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। आज अखबार में एक समाचार और आया कि दिल्ली का एक्साइज रेवेन्यु पिछले साल से 41 परसेंट बढ़ गया है। दिल्ली में 1500 नए ठेके खुले हैं। गरीब लोग वहां अपना पैसा खर्च करते हैं, क्योंकि दिल्ली की सरकार उन्हें बढ़ावा दे रही है। दिल्ली के उप मुख्य मंत्री का वह विधान सभा का क्षेत्र है और वहां तीन बच्चियों की मौत हो जाए। दिल्ली सरकार ने इस विषय में कोई बयान नहीं दिया है और मुख्य मंत्री चुप हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाएं, आपने अपनी बात कह दी है।

…(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक): माननीय अध्यक्ष महोदया, यह जो मुद्दा उठाया गया है, वह एक संवेदनशील मुद्दा है। इन्होंने सही कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। देश की राजधानी में भुखमरी से मृत्यु हो जाए, इसके लिए केन्द्र की सरकार भी बराबर की जिम्मेदार है।

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपसे एसोसिएट करने के लिए कहा।

…(व्यवधान)

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली): महोदया, दिल्ली में तीन बच्चियों के मौत का जो दर्दनाक हादसा हुआ है, इस मामले को मेरे साथियों ने इस सदन में उठाया। मैं उनसे एसोसिएट करता हूँ। लेकिन, मैं अभी-अभी उस परिवार से मिलकर आया हूँ। मैं आपके सामने संसद में एक सच्चाई बताने जा रहा हूँ।

दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री सरेआम असत्य बोल रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया है कि जिन तीन बच्चियों की मौत हुई है, वह परिवार दो दिन पहले ही उस क्षेत्र में मेहमान बनकर रहने आया था। लेकिन ऐसा नहीं है। उस परिवार के लोग वर्षों से मंडावली क्षेत्र में रह रहे हैं। इसमें राशन घोटाला सबसे बड़ी वजह है। उनको राशन तक नहीं मिलता था और मोहल्ला क्लिनिक में गलत इलाज होने के कारण उनकी मौत हुई है। इसलिए दिल्ली सरकार को बरखास्त करना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री भैंरो प्रसाद मिश्र, शरद त्रिपाठी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्रीमती मिनाक्षी लेखी को श्री महेश गिरी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।